an>

Title: The Speaker made reference on the International Women's Day

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप सभी को विदित है कि 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है- 'समय की मांग : ग्रामीण और शहरी कार्यकर्ता करें महिलाओं के जीवन में बदलाव' (Time is now : Rural and Urban activists transforming women's lives).

स्त्री सशक्तीकरण अर्थात् स्त्री को समर्थ बनाना, यह समय की आवश्यकता भी है तथा एक प्रकार से विश्व के सामने बड़ी चुनौती भी है।

यदि स्त्री एवं पुरुष को मानवता रूपी पक्षी के दो पंख मानें तो ऊँची एवं सफल उड़ान के लिए दोनों का समान रूप से सशक्त होना आवश्यक है।

अगर हम सब नारी की सर्वांगीण प्रगति तथा महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए संकल्पित होकर इस दिशा में मिलकर कार्य करें, तो मेरा विश्वास है कि विश्व के आकाश में भारत का विकास-पक्षी ऊँची उड़ान भरेगा ।

मैं आपसे आधा मिनट और लूँगी। मेरे मन में स्त्री के लिए हमेशा से जो भाव रहा है, उसे मैंने दो-तीन पंक्तियों में लिखा है :

" नहीं किसी की अरि (अरि यानी शत्रु),

वह है भारतीय नारी।

फिर भी युगों-युगों से रही,

ताड़न की अधिकारी।”

आज जो स्त्री की स्थिति है, जो मैं मानती हूँ, होना भी चाहिए और है भी, वह हमेशा अपने वर्तमान को, अपने बच्चों को भी साथ लेकर चलती है और संस्कृति को भी साथ लेकर चलती है। इसके लिए मैंने दो लाइनें लिखी हैं :

“कल को माथे पर तिलक-सा रख,

हम जो बिन्दी लगाते हैं, वह जो घटित हो गया, वह हमारी उच्च संस्कृति को दर्शाती है।

कल को माथे पर तिलक सा रख

आज की उँगली पकड़,

चल रही है वह उज्ज्वल भविष्य की ओर,

दिग्भ्रमित विश्व को दिग्दर्शन कराने। ”

इस संबंध में मैं एक बात और कहूँगी। स्त्री के लिए हमेशा एक बात बोली जाती है –

‘अबला जीवन, हाय तुम्हारी यही कहानी।’

मैं हमेशा महिलाओं से बोलती हूँ कि ऐसा नहीं है। मैं उनसे कहती हूँ कि वे सकारात्मक सोचें और कहें –

‘सबला बनकर लिखो एक नई कहानी,

मन में हो विश्वास, बनो स्वाभिमानी, राष्ट्राभिमानी।'

मगर यह सब तभी होगा, जब हम सब लोग इसमें सहभागी बनेंगे, सभी सहयोगी बनेंगे। इसलिए आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, मैं महिलाओं को तो बधाई दे ही रही हूँ। दो-तीन विशेष बातें मैंने आज कुछ महिलाओं की देखीं। वे अपने-अपने प्रदेश को रीप्रेजेंट कर रही थीं। जब वे मुझसे मिलने आईं, तो किसी ने कहा कि मैंने अपने प्रदेश की साड़ी पहनी है। यह उनका अपना भाव है। वैसे ही अपना राष्ट्र है, यह भी भाव वह उतना ही रखेंगी ।

मैं केवल महिलाओं को ही नहीं, महिलाओं को तो बधाई दे ही रही हूँ, लेकिन जब दोनों साथ में मिलकर चलेंगे, इसलिए केवल महिलाओं को नहीं, महिलाओं के साथ-साथ सभी को अपनी और पूरी सभा की तरफ से, पूरे हिन्दुस्तान और पूरे विश्व को मैं महिला दिवस की बधाई देती हूँ।

…(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Madam … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Do you want to say something?

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: If they are allowing, I have no objection.

… (*Interruptions*)

11.06 hrs

(*At this stage, Shri P. Kumar, Shri Jayadev Galla, Shri B. Vinod Kumar, Shri Y.V. Subba Reddy and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Yes, Shri Ananthkumar ji.

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): Madam, please take up the Question Hour. After 'Question Hour', we are ready to discuss the issue about the irregularities in banking sector … (*Interruptions*) The issue regarding irregularities in banking sector is already listed in today's List of Business under Rule 193. After 'Question Hour', we are ready to take it up … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Now, Question Hour. Question No. 181 – Shri Dhananjay Mahadik.

… (*Interruptions*)

–

11.07 hrs

HON. SPEAKER: Q. No. 181 – Shri Dhananjay Mahadik.

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस एस अहलुवालिया): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।... (व्यवधान)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 12 o'clock.

11.08 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

12.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

12.0½hrs

(*At this stage, Shrimati V. Sathyabama, Shri Jayadev Galla, Shri Y. S. Avinash Reddy and some other hon. Members came and stood*

on

the floor near the Table.)

… (*Interruptions*)